ISSN 0972-5539

मीना समाचार
MEENA News
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का प्रकाशन
A PUBLICATION OF FISHERY SURVEY OF INDIA

खंड XXXV    सं. 2    मुंबई    अप्रैल-जून 2018

## I. अनुसंधान क्षेत्र सेः

### क) एक समान मछली पकडने के प्रतिबंध अवधि के दौरान किशोर मछलियों की प्राप्ति

अप्रैल और जून, 2018 माह के दौरान विभागीय सर्वेक्षण पोत एम एफ वी *मत्स्य शिकारी* को अक्षांश 16°उ- 20°उ के क्षेत्र में 34 मी फिश ट्रॉल और 34 मी श्रिम्प ट्रॉल का प्रयोग कर तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधनों का सर्वेक्षण करने के लिए परिनियोजित किया गया। पोत पर किए गए जैविक अध्ययन के दौरान तीन प्रजातियों अर्थात् *टोरपिडो सिनुस्पेरिसिसी* (परिवर्तनीय टोरपिडो रे), *हिम्मंतुरा जेराडी* (शार्प नोस स्टिंग रे) और *प्लोटोसुस लिनिएटस* (धारीदार ईल कैट फिश) की किशोर मछलियों को देखा गया था जो भारत सरकार द्वारा घोषित एक समान मछली पकडने के प्रतिबंध अवधि के अनुरुप है अर्थात् 15 अप्रैल से 30 मई तक । किशोर प्रजातियों का ब्यौरा निम्नलिखित है :

| क्रम सं. | प्रजातियों का नाम | अप्रैल 2018 | | जून 2018 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लंबाई (से. मी.) | वजन (ग्राम) | लंबाई (से. मी.) | वजन (ग्राम) |
| 1 | *टोरपिडो सिनुस्पेरिसिसी* | 11.0-25.0 | 20-100 | 12.0-23.4 | 30-100 |
| 2 | *हिम्मंतुरा जेराडी* | 12.2-26.5 | 20-110 | 14.7-27.7 | 25-125 |
| 3 | *प्लोटोसुस लिनिएटस* | 9.0 -15.0 | 10-30 | 7.4-14.2 | 10-25 |


*टोरपिडो सिनुस्पेरिसिसी*


*हिम्मंतुरा जेराडी*


*प्लोटोसुस लिनिएटस*

*(डॉ. ए बी कर, मात्स्यिकी वैज्ञानिक और श्री के सिलंबरसन, व. वैज्ञानिक सहायक, विशाखापट्टणम बेस द्वारा सूचित)*

**ख) टूना एवं संबंधित संसाधनों की खोज**

जून, 2018 के माह में, पोत *मत्स्य वृष्टि* ने 2.79% कुल पकड दर के साथ 39 नग बडे पेलाजिक मछलियाँ दर्ज की । अक्षांश 18° 56.5' उ/देशांतर 68° 55.1' पू के क्षेत्र में, टूना संसाधन सर्वेक्षण करते समय दिनांक 26.01.2018 को कुल 13 नग मछलियां हूक की गई जिसमें शार्क (6 नग), डोलफिन फिश (4 नग), और सेईल फिश (3 नग) शामिल थी । अक्षांश 19° 19.2' उ/देशांतर 68°49.4' पू में दिनांक 27.06.2018 को फिर से 13 नग मछलियाँ हूक की गई । जिसमें डोलफिन फिश एवं सेईल फिश (4 नग प्रत्येक); येल्लो फिन टूना और शार्क (2 नग प्रत्येक) और मार्लिन (1 नग) शामिल थी । अक्षांश 18° 56.5' उ/देशांतर 68° 55.1' पू और अक्षांश 19° 19.2' उ/देशांतर 68° 49.4' पू के दोनों क्षेत्र 3.71% कुल हूकिंग दर, वाइ एफ टी हूकिंग दर 0.57% के साथ अधिक उत्पादक पाया गया । यह अवलोकन टूना और इसकी संबध्द प्रजातियों के लिए समृद्ध संभावित क्षेत्र की खोज का एक नया मार्ग खोलता है । चूँकि स्टॉक प्रकृति से घिरा हुआ है, एकल अवलोकन से यह निष्कर्ष निकालना संभव नही है कि क्षेत्र समृद्ध है ।  इस क्षेत्र के बार बार अवलोकन और निगरानी की आवश्यकता होती है ताकि यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि क्षेत्र टूना और संबंधित प्रजातियों के परीक्षण के लिए समृध्द है ।



(श्री ए वी तम्हाणे, व. वैज्ञानिक सहायक, मुंबई बेस द्वारा सूचित)

## II. बहिर्गमन एवं प्रशिक्षण :

**भा मा स के बेस कार्यालय द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशालाएः**

**मुंबई बेस एवं मुरगावं बेस द्वारा आयोजित संयुक्त कार्यशाला**

मुंबई एवं मुरंगाव बेस द्वारा 27 जून 2018 को साई मंगल कार्यालय, वेंगूरला, महाराष्ट्र में "महाराष्ट्र के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनः सतत  उपयोग, विकास एवं प्रबंधन" विषय पर एक दिवसीय संयुक्त क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की गई । श्री विष्णु दास एस. कुबल, सदस्य, जिल्लाह परिषद, सिंधुदुर्ग मुख्य अतिथि रहे और श्री एस. के. जायसवाल, यांत्रिक समुद्री अभियंता, भा मा स के मुरगांव बेस ने समारोह की अध्यक्षता की । श्री राजेन्द्र कुबल, अध्यक्ष, वेंगूरला, मच्छीमार सहकारी समिति, वेंगूरला, श्री अनंत केलुसकर, अध्यक्ष आधुनिक रापण सुंग, वेंगुरला, श्री गणपत केलुसकर, उप



सरपंच, उभदंडा, ग्राम पंचायत, वेंगूरला, और श्री सतीश खाडे, मात्स्यिकी विकास अधिकारी, महाराष्ट्र सरकार, मालवण कार्यशाला में सम्मानित अतिथि थे ।

श्री अशोक एस कदम, मात्स्यिकी वैज्ञानिक, मुंबई बेस ने विभिन्न मात्स्यिकी सहकारी समितियों से गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया । श्री एस. के. जायसवाल, यांत्रिक समुद्री अभियंता, मुरगांव बेस ने भा मा स के अधिदेश, उत्पत्ति और कार्यशाला आयोजित करने का उद्देश्य समझाया । उन्होंने विजयदुर्ग क्षेत्र में अप्रैल' 2018 की समुद्री यात्रा के दौरान पोत एम एफ वी *सागरीका* के परिचालन में बाधा के संबंध में सभी दर्शकों के ध्यान में लाया था और इस तरह की घटना से बचने के लिए अनुरोध किया । सभी सदस्यों ने कार्यशाला के उद्देश्य की सराहना की और उनके ग्राम में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भा मा स को धन्यवाद किया और मछुआरों से भावी पीढ़ी के लिए मछली स्टॉक बहाल करने के लिए सतत ढंग से मछली पकडने का अनुरोध किया ।



तकनीकी सत्र के दौरान भा मा स वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं ने वैज्ञानिक शोध पत्र अर्थात् दक्षिण महाराष्ट्र तट के समीप मात्स्यिकी

संसाधनों के दशकीय परिवर्तन, महासागरीय मात्स्यिकी संसाधन और पैदावार प्रणाली, उत्तरदायी मात्स्यिकी के लिए आचार संहिता और समुद्र में सुरक्षा क्षेत्रीय भाषा मराठी और हिंदी में प्रस्तुत किया ।

विभिन्न मछुआरा सहकारी समिति, बाज़ार संघ से कुल 135 मछुआरों और मात्स्यिकी विभाग, मालवन के अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया । प्रिंट और डिजिटल मीडिया कार्मिकों ने मछुआरों के लाभ के संबंधित समाचार को कवर किया ।

**पोर्ट ब्लेयर बेस**

**अंडमान एवं निकोबार द्वीप के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों के स्थायी उपयोग पर क्षेत्रीय कार्यशाला**

पोर्ट ब्लेयर बेस ने हेवलोक व्दीप के स्थानीय मछुआरों को मात्स्यिकी संसाधनों, संभाव्य मात्स्यिकी उपलब्धता, महासागरीय संसाधन तथा पेर्च संसाधन की खोज हेतु विभिन्न पर्यावरण अनुकूल मत्स्यन प्रणालियों, मात्स्यिकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग, समुद्री संसाधनों के संरक्षण के महत्व, समुद्री इंजन और उसके रखरखाव आदि पर सूचना का प्रसार हेतु 10.05.2018 को हेवलोक में "अंडमान एवं निकोबार जल के समुद्री मात्स्यिकी संसाधनों के स्थायी उपयोग" पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की । श्री अजित कुमार रॉय, प्रधान, हेवलॉक ने कार्यशाला का उद्घाटन किया । श्रीमती काकोली डे, प्रिंसिपल, सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, हैवलोक ने समारोह की अध्यक्षता की । डॉ सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकि वैज्ञानिक ने मुख्य भाषण दिया और भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण की गतिविधियों और अधिदेश के संबंध में जानकारी दी। तकनीकी सत्र के दौरान भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं ने विविध पहलुओं पर अर्थात् अंडमान एवं निकोबार व्दीप के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन, समुद्र में सुरक्षा, नौचालन उपकरण इलेक्ट्रिक/इलेक्ट्रोणिक के रखरखाव, इंधन संरक्षण पर व्याख्यान दिया ।

**प्रदर्शनी**

**9वाँ कृषि मेला-2018**

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के विशाखापट्टणम बेस ने श्री श्रीक्षेत्र सूचना (एस एस एस) पुरी, ओडिशा द्वारा 3-7 जून 2018 की अवधि के दौरान जगन्नाथ धाम, पुरी, ओडिशा में संपन्न 9 वाँ कृषि मेला-2018 में भाग लिया और एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया । आगंतुकों के लाभार्थ संगठनात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया और लेमिनेटड चार्ट, मछली की तस्वीरें, विविध मछली पकडने के तरीकों के लघु मॉडल और उत्तरदायी मात्स्यिकी (सी सी आर एफ) के लिए आचार संहिता भी प्रदर्शित किया गया । विभिन्न कैंद्र एवं राज्य सरकारी अधिकारियों, एन जी ओ, मछुआरों, आम जनता और इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों ने स्टॉल का दौरा किया । इस अवसर पर, विशाखापट्टणम बेस को भा मा स भागीदारी का स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र के साथ पुरस्कृत किया गया ।






**ओपन हाउस**

**हैवलोक में पोत एम एफ वी *ब्लू मार्लिन* पर ओपन हाउस**

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के पोर्ट ब्लेयर बेस ने छात्र समुदाय, मछुआरों और आम जनता के लाभार्थ 11.05.2018 को हैवलोक में पोतएम एफ वी *ब्लू मार्लिन* पर ओपन हाउस का आयोजन किया । इस अवसर पर विभिन्न मत्स्यन गियर और सहायक उपकरण, नौचालन, अभियांत्रिकी एवं समुद्र वैज्ञानिक उपकरणें, समुद्र में सुरक्षा पर विविध पहलुओं, और उत्तरदायी मात्स्यिकी के लिए आचार संहिता प्रदर्शित किया गया । ओपन हाउस का उद्घाटन श्रीमती काकोली डे, प्रिंसिपल, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हैवलोक द्वारा श्री अजित कुमार रॉय, प्रधान, श्री मनोज कुमार मीना, उप एस पी पी और श्री दिलीप, मात्स्यिकी निरीक्षक, हैवलोक की उपस्थिति में किया गया ।

सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हैवलोक के और समीपस्थ स्कूल के छात्रों एवं अध्यापकों, मछुआरों, स्थानीय नागरिक, सैलानियों, मात्स्यिकी उपभोक्ताओं, क्रूस नाव के कप्तान एवं कर्मी सदस्य हैवलोक के आसपास मात्स्यिकी विभाग के अधिकारियों सहित लगभग 300 आगंतुकों ने हैवलोक बंदरगाह में लंगर डाले गए पोत एम एफ वी *ब्लू मार्लिन* का दौरा किया । हिमीकृत महासागरीय मात्स्यिकी संसाधन जैसे पेलाजिक थ्रेषर शार्क *(अलोपियस पेलजिक)*, डोलफिन फिश *(कोरिफेना हिप्पुरस)*, गहन समुद्री पोमफ्रेट *(ताराक्टिचिस स्टेनडेकनेरी)*,. ब्लीकर्स ग्रूपर *(एपिनेफेलस ब्लीकेरी)*, कोरल ग्रूपर *(सेफलोफोलिस मिनियाटा)* और ब्लैक टिप ग्रूपर *(एपिनेफेलस फैसिएटस)* का प्रदर्शन किए गए ।



**प्रशिक्षण**

**टूना लाँग लाइन पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण**

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का पोर्ट ब्लेयर बेस ने पोत एम एफ वी *ब्लू मार्लिन* पर पर्यावरण अनुकूल मत्स्यन प्रणालियों पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से हैवलोक में 11 मई 2018 को एक दिवसीय प्रदर्शन फिशिंग ट्रिप का आयोजन किया । कार्यक्रम के दौरान, 36 स्थानीय मछुआरों को प्रशिक्षण हेतु पोत पर ले जाया गया ।मछुआरों को इलेक्ट्रोनिक मछली खोजी, समुद्र वैज्ञानिक,. नौचालन, समुद्री सुरक्षा और स्वचालित मौसम स्टेशन, राडार, इ पी आइ आर बी, आर टी, वी एच एफ सहित संचार उपकरण और दिशा खोजक, रेडिया बुया सहित संचार उपकरण और समुद्री इंजन के परिचालन पर व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिए गए । मत्स्यन परिचालन के दौरान मछुआरों को मत्स्यन स्थान के चयन, गियर नियोजन की दिशा और मत्स्यन परिचालन के दौरान पोत की वांच्छित गति, चारा की हूँकिंग, लाइन की शूटिंग आदि पर प्रशिक्षित किए गए । गियर पुनः प्राप्त करते समय उन्हें हॉलिंग, ब्रांच लाइन के कोइलिंग के दौरान सावधानी बरतने पोत पर पकड की लैडिंग और पकड के संरक्षण पर प्रशिक्षित किया गया । उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय मछुआरों के लिए यह पहली बार था और बहुत अच्छा अनुभव था ।

**टूना लाँग लाइन परिचालन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमः**

चेन्नई बेस ने सिफनेट, चेन्नई और मात्स्यिकी विभाग, तमिलनाडु के सहयोग से अप्रैल 2018 माह में “परंपरागत मछुआरों को टूना लाँग लाइनिंग” पर प्रशिक्षण एवं गहरे समुद्र में मछली पकडने की क्षमता पर दसवे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । सिफनेट, चेन्नई में तमिलनाडु के पुदुक्कोटै और रामनाथपुरम जिला से 15 मछुआरों के लिए 17 & 18 अप्रैल 2018 को सैध्दांतिक कक्षाओं के साथ पोत मत्स्य दृष्टि पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

## III. बैठकें :

**वार्षिक रोसा बैठक**

वर्ष 2017-2018 के लिए परिचालन एवं वैज्ञानिक गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक 6-7 अप्रैल 2018 के दौरान सम्मेलन हॉल, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुख्यालय, मुंबई में आयोजित की गई । मंत्रालय से वरिष्ठ अधिकारियों अर्थात् श्री के बी सुरवाडे, निदेशक (मा.) और बैठक के अध्यक्ष डॉ पी. पॉल पान्डियन, मात्स्यिकी विकास आयुक्त और श्री योगींदर कुमार, अवर सचिव, पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग (डी ए एच डी & एफ) द्वारा भा मा स की गतिविधियों की समीक्षा की गई ।निदेशक (मा.) डी ए एच डी &एफ, एम ओ ए &एफ डब्ल्यू) ने बैठक की अध्क्षता की । डॉ एल. रामलिंगम, उप महानिदेशक (मा.)/ महानिदेशक (प्रभारी), श्री एम के फरेज़िया, निदेशक (अभियांत्रिकी) ने भा मा स के बेस कार्यालय के वैज्ञानिकों, अभियंताओं, बेस प्रभारी और मुख्यालय के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया ।



**परामर्शदात्री समिति की बैठकः**

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुंबई (मुख्यालय) की 19 वीं परामर्शदात्री समिति की बैठक डॉ एल. रामलिंगम, उप महानिदेशक (मा.)/ महानिदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में भा मा स के सम्मेलन हॉल, मुख्यालय, मुंबई में 26.04.2018 को संपन्न हुई । डॉ. अंशुमन दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने समिति के सभी सदस्यों अर्थात् सी एम एफ आर आई, सी आई एफ ई, एन आय ओ, सी एम एल आर ई, डी जी शिपिंग,एम्पीडा, मुंबई विश्वविद्यालय, मछुआरा संघ और भा मा स मुंम्बई (मुख्यालय) के अन्य प्रतिभागियों का स्वागत किया । अध्यक्ष ने संस्थागत गतिविधियों और परामर्शदात्री समिति के गठन का उद्देश्य पावर प्वाइंट के माध्यम से सदन को प्रस्तुत किया । बैठक में 2018-19 का मात्स्यिकी सर्वेक्षण कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया गया और सभी सदस्यों को वैज्ञानिक अभिविन्यास और रणनीतिक प्रबंधन के साथ कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने की सलाह दी गई ।



## IV. आगंतुकों का दौरा :

- श्री एम लोकेश, बिक्री प्रबंधक, दक्षिण भारत, स्कलार अनालिटिकल इंडिया प्रा. लिमिटेड, चेन्नई ने 13.04.2018 को चेन्नई बेस का दौरा किया और वैज्ञानिक उपकरणों पर प्रस्तुतीकरण दिया जो समुद्र संबंधी अनुसंधान के लिए उपयोगी हैं ।

- श्री वाई जे बसेशंकर, तकनीकी अधिकारी, राष्ट्रीय पर्यावरण इंजिनियरिंग अनुसंधान संस्थान, (सी एस आई आर) नागपूर ने दो सहयोगियों के साथ 17.04.2018 को और 20.04.2018 को विशाखापट्टणम बेस का दौरा किया ।

- सुश्री प्रियंका पांडे, श्री प्रणव दिवान और मनीष मिश्रा, मात्स्यिकी उद्यमी, रायपूर, छतीसगढ़ ने 23.04.2018 को विशाखापट्टणम बेस का दौरा किया ।

- श्री अंकित बडवैक, सहायक प्रबंधक- पर्यावरण, टेराकोन इकोटेक, प्रा. लि. मुंबई ने समुद्री मात्स्यिकी संसाधन, सांख्यिकी आँकडे पर विचार करने हेतु 26.04.2018 को भा मा स, मुख्यालय, मुंबई का दौरा किया ।

- डॉ. कृष्णमूर्ति, पूर्व निदेशक, मात्स्यिकी विभाग, अंडमान प्रशासन और डॉ. मेडिक्करि, पूर्व मात्स्यिकी संयुक्त निदेशक, कर्नाटक सरकार ने चेन्नई बेस का दौरा किया और तमिलनाडु के मात्स्यिकी संसाधनों, मौसमी, कासिमेडु के मछली बंदगाह में मछलियों को व्यावसयिक विविधता, महासागरीय मात्स्यिकी संसाधनों के वितरण पर सूचना के लिए अनुरोध किया ।
- जहाज निर्माण प्रौद्यागिकी संस्थान, वास्को से छात्रों ने अपनी परियोजना के लिए मछली पकडने के पोतों के निर्माण, स्थिरता और मछली पकडने का अवसर के संबंध में सूचना एकत्रित करने हेतु 28.04.2018 को मुरगांव बेस का दौरा किया । उनको भा मा स की गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया ।

- डॉ. ई. रमेश कुमार, आई. ए. एस, संयुक्त सचिव (मा.) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, पशुपालन डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग, नई दिल्ली ने बेस की गतिविधियों की समीक्षा करने हेतु 28.04.2018 को मुरगांव बेस का दौरा किया ।

- डॉ. ई. रमेश कुमार, आई ए. एस, संयुक्त सचिव, (मा.) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, पशुपालन डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग, नई दिल्ली और श्री रामा शंकर नाईक, मात्स्यिकी आयुक्त, आंध्र प्रदेश सरकार ने 01.05.2018 को विशाखापट्टणम बेस से जुडे पोत एम एफ वी *मत्स्य शिकारी* का दौरा किया ।

- सेंट क्सेवियर कॉलेज, पालयनकोट्टै, तिरुनेलवेली जिला से तीन छात्रों ने समुद्री मात्स्यिकी में ज्ञान प्राप्त करने हेतु इंटरनशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 03.05.2018 से 09.05.2018 तक चेन्नई बेस का दौरा किया । दौरे के दौरान बेस ने बेस की गतिविधियों, तमिलनाडु के मछली और मछलीपालन, क्राफ्ट और गियर पर व्यावहारिक सत्र, संग्रहालय एवं पुस्तकालय का दौरा, पोत एम एफ वी *समुद्रिका* पर दौरा, नौचालन उपकरण और मत्स्यन प्रचालन आदि पर व्यावहारिक सत्र आदि के संबंध में विभिन्न सत्र का आयोजन किया ।

- श्री जोक्विन रोड्रिग्स, पी डी ए कलंग कोरलिम, गोवा ने छात्रों के लिए मात्स्यिकी में संभावनाओं पर प्रश्न के संबंध में 07.05.2018 को मुरगांव बेस का दौरा किया । उनको आवश्यक सूचना दी गई और भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण की गतिविधियों के संबंध में बताया।

- श्री राबी नारायण पत्रा, मात्स्यिकी उद्यमी, नबरंगपूर, ओडिशा ने 07.05.2018 को विशाखापट्टणम बेस का दौरा किया और ओडिशा तट के समुद्री मछली एवं मात्स्यिकी संसाधनों पर सूचना एकत्रित की ।

- श्री रामदास पी संध्ये, अध्यक्ष, महाराष्ट्र मच्छीमार संघ, मुंबई, श्री विश्वनाथ के कोली, अध्यक्ष, कोलि समाज, जिला रायगढ और डॉ. नीलेश कोली, अध्यक्ष, मच्छीमार मत्स्यन संघ, नवी मुंबई ने पंरपरागत मछुआरों के लाभार्थ केंद्र सरकार के विभिन्न सब्सिडी स्कीम पर सूचना एकत्रित करने हेतु 31.05.2018 को भा मा स, मुख्यालय, मुंबई का दौरा किया ।

- श्री विशाल पी टोरस्कर, सडा, मुरगांव बेस, गोवा ने छात्रों के लिए मात्स्यिकी में संभावनाओं पर प्रश्न के संबंध में 16.06.2018 को मुरगांव बेस का दौरा किया । उनको आवश्यक सूचना प्रदान की गई और भा मा स की गतिविधियों के संबंध में बताया गया ।

- एम वी के आर मात्स्यिकी पोलिटेकनिक, भवदेवरपल्ली, कृष्णा जिला, आंध्र प्रदेश से 36 छात्रों ने 25.06.2018 को विशाखापट्टणम बेस और पोत एम एफ वी *मत्स्य शिकारी* का दौरा किया। उनको संगठानात्मक गतिविधियों और विभिन्न नौचालन उपकरणों, मत्स्यन जाल और सहायक उपकरणों के संबंध में स्थानीय भाषा तेलगू में बताया गया ।

## V. राजभाषा कार्यान्वयनः

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक डॉ. एल रामलिंगम, उप महानिदेशक/महानिदेशक (प्रभारी) की



शं

अध्यक्षता में 22.06.2018 को भा मा स (मुख्यालय), मुंबई में संपन्न हुई । अध्यक्ष ने सभी अनुभागों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और कमियां बताई और उसे दूर करने हेतु सुझाव दिए ।

- कोच्चिन बेस की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 30.06.2018 को संपन्न हुई ।
- भा मा स के चेन्नई बेस की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक 27.04.2018 को कार्यालय प्रमुख के कमरे में संपन्न हुई । बैठक में फाइलों पर हिंदी में टिप्पणी सहित अधिकतम कार्य करने पर चर्चा हुई ।
- राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पोर्ट ब्लेयर की तिमाही बैठक 20 जून 2018 को संपन्न हुई और बैठक में हिंदी कार्यान्वयन का निष्पादन की समीक्षा की गई ।

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

१. श्री डी के गुलाटी, क्षेत्रीय निदेशक, कोच्चिन बेस ने 19.06.2018को मुख्य आयुक्त आयकर कार्यालय, कोच्चि में आयोजित बैठक में भाग लिया ।

2. श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक ने पश्चिम रेलवे (मुख्यालय) चर्चगेट, मुंबई में 22.05.2018 को हुई अर्ध वार्षिक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भाग लिया।

**भा मा स मुख्यालय द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला**

कर्मचारी सदस्यों को हिंदी में काम करने हेतु प्रेरित करने व मार्गदर्शन करने हेतु 25.05.2018 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला भा मा स (मुख्यालय), मुंबई में आयोजित की गई । डॉ. सुशील कुमार शर्मा, टोलिक, सचिव एवं उप महाप्रबंधक (रा. भा.), पश्चिम रेल्वे मुख्यालय, चर्चगेट को 'संघ की राजभाषा नीति' पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस अधिनियम के तहत 'राजभाषा अधिनियम और इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियम' पर संक्षिप्त जानकारी दी । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यशाला में सक्रिय रुप से भाग लिया ।



**बेस कार्यालयों द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला**

- मुंबई बेस द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट को भरने के संबंध में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला 20.06.2018 को आयोजित की गई । श्री बी. बालनायक, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ने विषय विशेषज्ञ श्री विनोद कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना,बेलापूर का स्वागत किया । उन्होंने तिमाही रिपोर्ट भरने के संबंध में मार्गदर्शन किया। बसे के सभी कर्मचारी सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया ।



- मुंरगाव बेस द्वारा 22.06.2018 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई ।



- कोच्चिन बेस द्वारा 27.06.2018 को एक हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई । श्रीमती बीना के नायर, व. अनुवादक विषय विशेषज्ञ रही । 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यशाला में भाग लिया ।
- चेन्नई बेस में 20.06.2018 को हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सुश्री किरण लता यादव, हिंदी शिक्षण योजना, चेन्नई, संकाय थी ।
- विशाखापट्टणम बेस में 29.05.2018 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई । श्रीमती आर. श्रीदेवी, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, दूरस्थ शिक्षा सेल, आन्ध्र विश्वविद्यालय इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ रही । उन्होंने सरकारी

कार्यालयों में हिंदी सीखने एवं हिंदी में काम करने का महत्व पर व्याख्यान दिया ।



- पोर्ट ब्लेयर बेस द्वारा 27.06.2018 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें श्री अजय सिंह, क. अनुवादक, सचिवालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन विषय विशेषज्ञ रहे । उन्होंने राजभाषा की उत्पति और उसके कार्यान्वयन के बारे में बताया और कार्यालय में दैनंदिन गतिविधियों में हिंदी का उपयोग के संबंध में प्रतिभागियों को बताया ।

**प्रकाशन/पुरस्कार :**

- कोच्चिन बेस, कोच्चि द्वारा वर्ष 2017-18 के लिए हिंदी गृह पत्रिका 'मत्स्य ध्वनि' का प्रकाशन किया गया ।
- पोर्ट ब्लेयर बेस को वर्ष 2017-18 के लिए पोर्ट ब्लेयर में स्थित विभिन्न केंद्र सरकारी कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन में दूसरा पुरस्कार एक ट्रोफी और एक प्रमाण पत्र के साथ दिया गया । सी आई ए आर आई, पोर्ट ब्लेयर में 13 जुलाई 2018 को वार्षिक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पुरस्कार दिया गया।

## VI. महानिदेशक (प्रभारी) की बैठकों/सम्मेलनों में भागीदारीः

- आई ओ टी सी संकल्प के कार्यान्वयन की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित कार्य दल की 03.04.2018 को संपन्न 11वीं बैठक ।
- बी ओ बी पी-आई जी ओ द्वारा चेन्नई, तमिलनाडु में 23-24 अप्रैल 2018 के दौरान एन पी ओ ए- आई यू यू पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ।
- कृषि भवन, नई दिल्ली में 17.05.2018 को तटवर्ती राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के मात्स्यिकी मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन ।
- बैंकोक, थाइलैंड में 21-25 मई 2018 के दौरान संपन्न हिंद महासागर ट्ना आयोग (आई ओ टी सी) का 22 वां सत्र ।
- सी एम एफ आर आई, कोच्चि में 31.05.2018 को भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र में संभाव्य मात्स्यिकी संसाधनों के पुनर्वैधीकरण की उप समूह बैंठक
- नई दिल्ली में 4-5 जून 2018 के दौरान मात्स्यिकी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और बांगलादेश के बीच संयुक्त कार्यदल समूह (जे डब्ल्यू जी) की चौथी बैठक कृषि भवन, नई दिल्ली में 05.06.2018 को मात्स्यिकी सब्सिडी, पर टास्क फोर्स की छठी बैठक ।
- संसद भवन, नई दिल्ली में 08.06.2018 को बाहरी दोहन से गहन समुद्री मात्स्यिकी की सुरक्षा विषय पर अवगत कराने हेतु कृषि पर स्थायी समिति की बैठक

## VII. प्रशिक्षण/संगोष्ठी/कार्यशाला/परिसंवाद/बैठक/ सम्मलनों में भागीदारीः

- डॉ. सिजो पी. वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 03.04.2018 से 05.04.2018 तक कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली में आई ओ टी सी संकल्प के कार्यान्वयन की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित कार्य दल की 11वी बैठक में भाग लिया ।
- डॉ. ए बी कर. मात्स्यिकी वैज्ञानिक 11.04.2018 को सी एम एफ आर आई, विशाखापट्टणम में कार्यान्वित एन आई सी आर ए परियोजना के अंतर्गत बारही विशेषज्ञ के रुप में "यंग प्रोफेशनल ।।" के चयन में भाग लिया ।
- डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक और श्री ए. सिवा, व. वैज्ञानिक सहायक ने 20-21 अप्रैल 2018 के दौरान इसरो, मुख्यालय, बैंगलूर में "भविष्य पृथ्वी अवलोकन सेंसर सिस्टम" के लिए अंतर संगठनात्मक विशेषज्ञ समिति की बैठक में भाग लिया ।
- श्री ए. टिबूरशियस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने एन आई ओ टी, चेन्नई में 02.04.2018 को संपन्न महासागर अवलोकन तंत्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के परियोजना प्रबंधन कॉऊनसिल (पी एम सी) की छठी बैठक में भाग लिया ।

- डॉ. सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने चेन्नई में 23-24 अप्रैल 2018 के दौरान आई यू यू मत्स्यन को रोकने, खत्म करने और हटाने हतु एन पी ओ ए की तैयारी पर राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया ।

- डॉ ए बी कर, मात्स्यिकि वैज्ञानिक ने 2.5.2018 को राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद में "आई सी ए आर और डी ए डी एफ के मात्स्यिकी संस्थानों की गतिविधियों और एच आर डी/कौशल विकास कार्यक्रमों का अभिसरणं" पर विचारावेश सत्र में भाग लिया ।

- श्री एस. के. पटनायक, व. वैज्ञानिक सहायक ने श्री बी. के. सिंह, हिंदी टंकक/एल डी सी के साथ 02.05.2018 को स्वर्ण जयंती भवन, विशाखापट्टणम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया ।

- श्री एस के पटनायक, व. वैज्ञानिक सहायक ने श्री बी के. सिंह, हिंदी टंकक/एल डी सी ने 08.05.2018 को मंडल रेल्वे प्रबंधक के कार्यालय में संपन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टोलिक) की वार्षिक बैठक में भाग लिया ।

- श्री धनंजय राव, यांत्रिक समुद्री अभियंता ने श्री के वेंकटेश्वर राव, यू. डी. सी. के साथ 18-19 मई 2018 के दौरान ओल्ड कस्टम हाउस ऑडिटोरियम, बेलार्ड इस्टेट, मुंबई में एफ एम आर के एस मुंबई ब्रांच द्वारा जी एफ आर- वित्तीय प्रबंधन, जी एफ आर जेम के बाहर माल की खरीद, जेम और जी एस टी पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

- श्री डी. के. गुलाटी, क्षेत्रीय निदेशक और एन. उन्निकृष्णन, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 31.05.2018 को सी एम एफ आर आई, कोच्चि में पुनवैधीकरण समिति की उप-समूह बैठक में भाग लिया ।

- श्री डी. के. गुलाटी, क्षेत्रीय निदेशक, और डॉ. एस रामचंद्रन, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 29.05.2018 को श्रीमती कृष्णा राज, माननीय राज्य मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के दौरे के दौरान सी एम एफ आर आई, कोच्चि में हुई बैठक में भाग लिया ।

- डॉ. विनोद कुमार मुड्डुमाला, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 30.05.2018 को कैंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सी एम एफ आर आई) आर-सी- मुंबई द्वारा आयोजित पणधारियों की बैठक में भाग लिया ।

- श्री के. गोविंदराज, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक, डॉ सिजो पी. वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक श्री धर्मवीर सिंह, यांत्रिक समुद्री अभियंता और श्री सी डी राव, यांत्रिक समुद्री अभियंता ने 31 मई से 02 जून 2018 के दौरान एन ए एस सी कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा नामांकित एस सी/एटी/ओबीसी और पी डब्ल्यू डी के लिए नामांकित संपर्क अधिकारी के रुप में एक्सपोसिटोरी–सह प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया ।

- डॉ. अंशुमन दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने तारापोरवाला अक्वेरियम में 04.06.2018 को और 20.06.2018 को क्रमशः तारापूरवाला अक्वेरियम के नवीकरण के लिए राज्य मात्स्यिकी, महाराष्ट्र सरकार की तकनीकी समिति की बैठक में भाग लिया ।

- डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक और डॉ ए जॉन चेम्बियन, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने भारतीय सुदुर संवेदन संस्थान, देहरादून में 12-15 जून 2018 के दौरान सुदुर संवेदन-निर्णयकर्ता के लिए एक अवलोकन पर आइ आइ आर एस लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया ।

- डॉ जे. जयचंद्र दास, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 13.06.2018 को सम्मेलन कक्ष, मात्स्यिकी निदेशालय, चेन्नई में नए टूना लॉग लाइनर सह गिल जाल की खरीद के लिए मछुआरों को 50 सब्सिडी सहायता पर समुद्री मात्स्यिकी स्कीम पर राज्य स्तर प्रशासनिक समिति की 13 वीं बैठक में भाग लिया ।

- डॉ एस रामचंन्द्रन, व.मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 14.06.2018 को सी एम एफ आर आई, कोच्चि में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा जैविक विविधता पर सम्मेलन पर आयोजित छठी राष्ट्रीय रिपोर्ट की तैयारी पर परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लिया ।

- डॉ. सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 15.06.2018 को सचिवालय के सम्मेलन हॉल में अंडमान एवं निकोबार व्दीप के लिए मात्स्यिकी नीति निर्माण करने हेतु सचिव (मा.) अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की अध्यक्षता में नीति समिति की दूसरी बैठक में भाग लिया।

- श्री एम गोविंद राव, रेडीयो टेलिफोन ऑपरेटर को 21.06.2018 को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिशरीज़ पोस्ट हारवेस्ट प्रौयौगिकी और प्रशिक्षण विशाखापट्टणम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए विषय विशेषज्ञ के रुप में प्रतिनियुक्त किया गया ।

- डॉ सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने कृषि भवन, नई दिल्ली में 04-05 जून 2018 को मात्स्यिकी सबसिडि पर

टास्क फोर्स की छठी बैठक और भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र में और महा सागर में मत्स्यन परिचालन पर नए मार्गदर्शन का निर्णय लेने हेतु समिति की चौथी बैठक में भाग लिया ।

- डॉ सिजो पी वर्गीस, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 28.06.2018 को एऩकोस्ट, एन आई ओ टी, पोर्ट ब्लेयर द्वारा समुद्री जैव प्रौद्योगिकी, जैवविविधता और मात्स्यिकी पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया और अंडमान एवं निकोबार द्वीप के टूना संसाधनों के निर्धारण पर भाषण दिया ।

## VIII. प्रशासनिक समाचार

**नियुक्तियाँ :**

- श्री दिनेश कुमार को अवर श्रेणी लिपिक /हिन्दी टंकक के पद में 14.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के पोर्ट ब्लेयर बेस में तैनात किया गया ।
- श्री बालाय चौधरी को अवर श्रेणी लिपिक/हिन्दी टंकक के पद में 14.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के पोर्ट ब्लेयर बेस में तैनात किया गया ।
- श्री नरेन्द्र सिंह यादव, को अवर श्रेणी लिपिक/हिंदी टंकक के पद में 16.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के विशाखापट्टणम बेस में तैनात किया गया ।
- श्री प्रदीप राघव को अवर श्रेणी लिपिक/हिंदी टंकक के पद में 21.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के कोच्चिन बेस में तैनात किया गया ।
- श्री संदीप कुमार को अवर श्रेणी लिपिक /हिंदी टंकक के पद में 25.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के कोच्चिन बेस में तैनात किया गया ।
- श्री अमर बाहादुर को अवर श्रेणी लिपिक/हिंदी टंकक के पद में 31.05.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के मुंबई बेस में तैनात किया गया ।
- श्री भरत कुमार को अवर श्रेणी लिपिक/हिंदी टंकक के पद में 02.06.2018 से नियुक्त किया गया और भा मा स के मार्मुगोवा बेस में तैनात किया गया ।
- सुश्री शैरिल थॉमस, को क. पुस्तकाल्याध्यक्ष के पद में 25.06.2018से नियुक्त किया गया और भा मा स (मुख्यालय) में तैनात किया गया ।

**सेवा निवृत्तियाँ :**

- श्री प्रेमकुमार मिश्र, बहु कार्मिक कर्मचारी, को दिनांक 13.04.2018 से विशाखापट्टणम बेस से भारमुक्त किया ।
- श्री पी. के पटी, , व. नाविक कम कुक, विशाखापट्टणम बेस अपनी अधिवर्षिता पर 30.04.2018 को सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री ए. वी. क. जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक, भा मा. स. मुख्यालय, मुम्बई, अपनी अधिवर्षिता पर 30.04.2018 को सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री टी. गजाजन, व. नाविक, कोच्चि बेस अपनी अधिवर्षिता पर 30.04.2018 को सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री आर रंजित, क. नाविक, सीमाशुल्क विभाग के कार्यालय (निवारक) में चयन होने पर दिनांक 11.05.2018 (अपराह) को भा मा स से भारमुक्त किया ।
- श्री पी. ए. विश्वनाथान स्लिपवे वर्कर, ग्रेड-।।, कोच्चिन बेस अपनी अधिवर्षिता पर 31.05.2018 को सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री एस. जी. पटवारी, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक , भा मा. स. मुख्यालय, मुम्बई, अपनी अधिवर्षिता पर 30.06.2018 को सेवानिवृत्त हुए ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

भा मा स., मुख्यालय एवं बेस कार्यालयों ने 21.06.2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। सभी अधिकारी वर्ग ने सक्रिय रुप से भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान योग आसनों का प्रदर्शन किया ।






**संकलनकर्ता** : श्री. ए. शिवा, डॉ. राजश्री बी. सनदी और श्री राहुलकुमार बी. टेलर **संपादक** डॉ. विनोद कुमार मुडुमाला और डॉ. अंशुमान दास
**हिन्दी अनुवाद :** श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव
**प्रकाशक :** डॉ. एल. रामालिंगम, महानिदेशक (प्रभारी)
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्यपालन विभाग
न्यू फिशिंग जेट्टी, ससून डॉक, कुलाबा मुम्बई - 400 005,
**दूरभाषा** 022 - 2215 1865/66 **फैक्स** 022-22188221; **वेबसाईट**: http:/fsi.gov.in; **ई-मेल**: dg-fsi-mah@gov.in